दिन–शनिवार दिनांक– 16/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर और किशनगंज जिले में दो सीमेंट इकाईयां लगायी जाने को स्वीकृति दी गयी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुये कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश का नया अध्याय शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, एसआईपीबी की सड़सठवीं बैठक में सीमेंट की दो बड़ी फैक्ट्री स्थापित किये जाने को मंजूरी दी गयी है।

——————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्ष पर युद्ध जनित स्थितियों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री कुशवाहा ने कहा कि दुनियाभर में घटनाक्रम के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष को अनर्गल बातें न कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

——————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने जमुई के झाझा में पदस्थापित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के पटना और जमुई स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी आय से अधिक सम्पत्ति मामले में की गयी है। जानकारी के अनुसार तलाशी के दौरान ज्ञात आय से दो करोड़ से अधिक की सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। छापेमारी अभी जारी है।

——————————————————————————

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाना बंद करना होगा। श्री द्विवेदी ने नई दिल्ली में सेना संवाद कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को सामने रखते हुये यह बात कहीं।

——————————————————————————

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। इस अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया है। श्री नड्डा ने

सोशल मीडिया संदेश में लोगों से सरकार के डेंगू नियंत्रण प्रयासों में बढ़चढ़ कर सहयोग की अपील की।

——————————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बनने और वातावरण में नमी के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में प्री—मॉनसून की स्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद समेत प्रदेश के उत्तर—पश्चिम और दक्षिण—पश्चिम भागों में अधिकतर स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश की आशंका जतायी है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तारसे धूलभरी आंधी चलने की भी सम्भावना है।

——————————————————————————————

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना—

———प्रोमा—25 सें

——————————————————————————————

प्रदेश में आज वट सावित्री पूजा पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं और सत्यवान सावित्री की कथा सुनती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के पास पूजा—अर्चना कर रही हैं।

——————————————————————————————

रोहतास के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति के लिए काउंसिलिंग की तिथि जारी कर दी गयी है। जिला शिक्षा विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार बीस से पच्चीस मई के बीच सासाराम के फजलगंज स्थिति डायट सभागार में काउंसिलिंग की प्रक्रिया होगी।

——————————————————————————————

अररिया समेत राज्य के विभिन्न अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों और कैम्प विद्यालयों में नामांकन के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी अब तीस मई तक आवेदन कर सकते हैं।

——————————————————————————————

रोहतास नगर के सासाराम थाना क्षेत्र अन्तर्गत एस.पी. जैन कॉलेज मोड़ के पास ड्यूटी के दौरान एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से यातायात सिपाही मुकेश कुमार घायल हो गये।

———————————————————————————————————

डेयरी, पशुपालन और मत्स्य संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने आज अपने गृह जिला पश्चिम चम्पारण का दौरा किया। इस दौरान उत्साहित लोगों ने जगह–जगह उनका स्वागत किया।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।